दिनांक 31 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कल होगा गौठान निर्माण का लोकार्पण ,आयुक्त सुंदरानी ने निरीक्षण कर तैयारी का लिया जायजा

भिलाईनगर/माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने गौठान को लेकर पारंपरिक तरीके से विकसित करने के निर्देश दिए हैं! कल दिनांक 1 अगस्त 2019 हरेली तिहार के अवसर पर गौठान का लोकार्पण प्रातः 9:30 बजे किया जावेगा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, अध्यक्षता विधायक वैशाली नगर श्री विद्या रतन भसीन, विशिष्ट अतिथि सभापति पी. श्याम सुंदर राव, महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी नीरज पाल, जोन क्रमांक 1 जोन समिति के अध्यक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य एवं उद्यान प्रभारी साकेत चंद्राकर एवं समस्त पार्षदगण होंगे!

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने कोसानाला बस डिपो के सामने विकसित कर रहे गौठान की तैयारियों को लेकर आज निरीक्षण किया!

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य प्रोजेक्ट नरवा ,गरुवा,घूरवा एवं बाड़ी योजना के तहत गरुवा घटक के अंतर्गत गौठान का निर्माण कोसा नाला बस डिपो के सामने किया जा रहा है! जहां पर गोधन के रखरखाव का पारंपरिक एवं प्रचलित व्यवस्था को बरकरार रखा जाएगा! गोवंश की सुरक्षात्मक व्यवस्थापन तथा जैविक खाद निर्माण और बायो गैस का उत्पादन यहां से किया जा सकेगा! नगर निगम द्वारा बुनियादी कार्य जैसे पीने की पानी की व्यवस्था , चरवाहा कक्ष, पशुओं एवं चारा हेतु सेड का निर्माण और बिजली की उचित व्यवस्था की जा रही है !

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है,
जल ही जीवन है